This question paper contains 3 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

7723 **A**

M.A. (एम. ए.)/IV Sem.

HINDI (हिन्दी)—Paper 4071 : आधुनिकता की यात्रा

Group-G—आधुनिक हिन्दी साहित्य

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 70**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के सम्बन्ध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,

पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश!

मेखलाकार पर्वत अपार

अपने सहस्र दृग सुमन फाड़

अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार;
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण सा फैला विशाल!!

अथवा

कहां आज वह पूर्ण पुरातन, वह सुवर्ण का काल?
भूतियों का दिगंत छवि जाल,
ज्योति चुम्बित जगती का भाल?
राशि-राशि विकसित वसुधा का वह यौवन-विस्तार?
स्वर्ग की सुषमा जब साभार
धरा पर करती थी अभिसार! 10

(ख) ऐसा सुन्दर रूप और ऐसा मधुर सुर और किसका हो सकता है। क्या कहता था? अब तजहु वीर वर भाग्य की सब आशाएं! यह देव वाक्य क्या सचमुच सिद्ध होगा? क्या अब भारत का स्वाधीनता सूर्य फिर न उदय होगा? क्या हम क्षत्रिय राजकुमारों को भी अब दासवृत्ति करनी पड़ेगी?

अथवा

उसके बाद आहों, आंसुओं और सिसकियों का एक दौरा, सारी दुनिया की निस्सारता और आत्महत्या करने के अनेकानेक संकल्प और फिर एक तीखी घृणा। जैसे जीवन को दूसरा आधार मिल जाता है, उस सबको भूलने में एक दिन भी नहीं लगता। 10

2. 'नीलदेवी' नाटक में नीलदेवी का चरित्र अपने समय से आगे की आधुनिकता को व्यक्त करता है। विचार कीजिए।

अथवा

'पल्लव' की कविताओं में स्वाधीनता चेतना कल्पनालोक में खो गई है। युक्तियुक्त विवेचन कीजिए। 12

3. "शेखर: एक जीवनी में शेखर का कुण्ठारहित आधुनिक मन अभिव्यक्त हुआ है।" विश्लेषण कीजिए।

अथवा

आधुनिकीकरण ने औपचारिक अन्तर्वस्तु ही नहीं उसके शिल्प पर भी प्रभाव डाला है। 'शेखर: एक जीवनी' के आधार पर इस कथन का विवेचन कीजिए। 12

4. 'मन्नू भण्डारी की कथा संरचना में आधुनिक जीवन के अन्तर्द्वन्द्व मुखरित हुए हैं। चर्चा कीजिए।

अथवा

'रागदरबारी उपन्यास में सामन्ती प्रवृत्तियों पर चोट की गई है।' इस कथन पर अपना मत व्यक्त कीजिए। 12

5. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(i) 'पल्लव' की कविता में बिम्बों की नवीनता;

(ii) मन्नू भण्डारी की कहानियों में स्त्री का स्वरूप;

(iii) एक कलाकार के रूप में शेखर का चरित्र;

(iv) 'रागदरबारी' में व्यंग्य विडम्बना के विविध रूप। 7,7